MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Govt. of M.P. Undertaking)
45-Arera Hills,Bhopal-462011
Tel: (O) 0755-2765196,205,213,216 (EPBX) Fax: 91-755-2572643
Website: www.mprdc.nic.in,
PROJECT MANAGER, NH-78 PKG-II & III
MPRDC, SHAHDOL (M.P.)
9425866105

## वनभूमि में परियोजना लगाने का औचित्य (Justification)

उपरोक्त विषयान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग–78 कटनी उमरिया–शहडोल–छत्तीसगढ़ बार्डर तक दो लेन मार्ग के उन्नयन एवं निर्माण परियोजना में उमरिया जिले के अंतर्गत प्रभावित होने वाली कुल वन भूमि 31.035 हे. व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित है। प्रस्तावित वन भूमि को परियोजना निर्माण हेतु उपयोग के लिए जाने का क्या औचित्य (Justification) का विवरण निम्नानुसार है :–

चूंकि परियोजना में यातायात की वृद्धि लगातार होती जा रही है और साथ ही भारी वाहनों की संख्या में भी दिन–ब–दिन इजाफा होता जा रहा है। इस लिए मार्ग का चौड़ीकरण के साथ–साथ इस बात का भी ध्यान दिया जा रहा है कि मौजूदा मार्ग में तीव्र घुमावदार मोड़ को भी कुछ हद तक सीधा किया जा सके ताकि मार्ग में होने वाली दुर्घटना में भी कमी हो सके। साथ ही साथ मार्ग पर कुछ पहाड़ी ढलान/चढ़ाव काफी तीव्र है जिनमें भारी वाहनों को चढ़ाई को चढ़ने व उतरने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है और आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

अतएव उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जब मौके पर विद्‌यमान मार्ग के चौड़ीकरण एवं उन्नयन हेतु निरीक्षण किया गया कि मार्ग के कुछ हिस्सों में दोनों तरफ वन भूमि लगी हुयी है और यदि मार्ग की उपरोक्त समस्याओं का निदान किया जाता है तो निश्चित ही वन भूमि की आवश्यकता पड़ेगी।

अतः उपरोक्त मार्ग के उचित निर्माण हेतु वन भूमि का व्यपवर्तन किया जाना ही एक मात्र विकल्प है जो कि वन भूमि के व्यपवर्तन के औचित्य (Justification) सहित प्रेषित है।

Awadhesh Tiwari

**परियोजना प्रबंधक**
**एन.एच.–78 (पैकेज–2 एवं 3)**
**म0प्र0 रोड डेव्हलपमेण्ट कॉर्पोरेशन लि0**
**शहडोल**